## महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

### स्टाफ कार ड्राइवर के पद के लिए सांकेतिक पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न।

- **परीक्षा निम्नलिखित चरणों में होगी :**

1. लिखित परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित) – 100 अंक
2. कौशल परीक्षण (अर्हकारी/Qualifying) - अभ्यर्थी का मूल्यांकन (नीचे दिए गए मूल्यांकन मानदंडों के आधार पर) किया जाएगा तथा कौशल परीक्षण उत्तीर्ण करने हेतु न्यूनतम मानक 100 पॉइंट्स में से 60 पॉइंट्स होंगे।
3. अनुशंसित अभ्यर्थियों की चिकित्सीय परीक्षा

**1. लिखित परीक्षा :** लिखित परीक्षा में एक वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र होगा, जिसमें 100 प्रश्न होंगे तथा 100 अंक निर्धारित होंगे। प्रश्न-पत्र की संरचना निम्नानुसार होगी :

| विषय | | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| भाग-अ | सामान्य ज्ञान | 15 | 15 | 90 मिनट |
| भाग-ब | सामान्य बुद्धिमता | 15 | 15 | |
| भाग-स | संख्यात्मक अभियोग्यता | 10 | 10 | |
| भाग-द | सड़क संबंधी समझ, वाहन रखरखाव, यातायात नियम/संकेत, वाहन एवं पर्यावरणीय प्रदूषण | 60 | 60 | |
| **योग** | | **100** | **100** | |

- प्रश्न-पत्र 10वीं कक्षा के स्तर का होगा।
- लिखित परीक्षा केवल अंग्रेजी और हिंदी में आयोजित की जाएगी।
- परीक्षा के उपरांत अनंतिम उत्तर कुंजी (Tentative Answer Key) मसारावेविप्र की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। अभ्यर्थी उत्तर कुंजी का अवलोकन कर सकते हैं और अपनी आपत्तियाँ (representations) प्रस्तुत कर सकते हैं। उत्तर कुंजी अपलोड करते समय प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर उत्तर कुंजी के संबंध में प्राप्त किसी भी आपत्ति की संवीक्षा उत्तर कुंजी को अंतिम रूप देने से पहले की जाएगी तथा इस संबंध में मसारावेविप्र का निर्णय अंतिम होगा। उत्तर कुंजी के संबंध में बाद में प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

- **लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम :**

**भाग-अ : सामान्य ज्ञान -** इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्न अभ्यर्थी के अपने आसपास के सामान्य ज्ञान का परीक्षण करने हेतु होंगे। प्रश्न इस प्रकार भी तैयार किए जाएंगे कि वे अभ्यर्थी के समसामयिक घटनाओं के ज्ञान तथा दैनिक जीवन में देखी जाने वाली एवं अनुभव की जाने वाली बातों की वैज्ञानिक समझ का परीक्षण कर सकें, जिसकी अपेक्षा किसी भी शिक्षित व्यक्ति से की जाती है। परीक्षा में भारत एवं उसके पड़ोसी देशों से संबंधित प्रश्न भी सम्मिलित होंगे विशेषकर खेलकूद, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, सामान्य राजनीति, भारतीय संविधान, वैज्ञानिक अनुसंधान आदि। ये प्रश्न ऐसे होंगे जिनके लिए किसी विशेष विषय के गहन अध्ययन की आवश्यकता नहीं होगी।

**भाग-ब : सामान्य बुद्धिमता -** विश्लेषणात्मक अभिक्षमता तथा प्रतिरूपों (patterns) का अवलोकन करने एवं उनमें भेद करने की क्षमता का परीक्षण मुख्यतः नॉन-वर्बल (non-verbal) प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से किया जाएगा। इस भाग में सादृश्यता (Analogy), समानताएँ एवं भिन्नताएँ, स्थानिक दृश्यीकरण (spatial visualization), स्थानिक अभिविन्यास (spatial orientation), दृश्य स्मृति, विभेदन क्षमता, अवलोकन, संबंधपरक अवधारणाएँ, अंकगणितीय तर्क, आकृति वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, नॉन-वर्बल श्रृंखला, संकेतन एवं विसंकेतन (Coding-Decoding) आदि से संबंधित प्रश्न सम्मिलित हो सकते हैं।

**भाग-स : संख्यात्मक अभियोग्यता -** इस भाग में संख्या पद्धति, पूर्ण संख्याओं की गणना, दशमलव एवं भिन्न तथा संख्याओं के मध्य संबंध, मूलभूत अंकगणितीय संक्रियाएँ, प्रतिशत, अनुपात एवं समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ एवं हानि, बट्टा, क्षेत्रमिति, समय एवं दूरी, अनुपात एवं समय, समय एवं कार्य आदि से संबंधित प्रश्न सम्मिलित होंगे।

**भाग-द : सड़क संबंधी समझ, वाहन रखरखाव, यातायात नियम/संकेत, वाहन एवं पर्यावरणीय प्रदूषण -** सड़क बोध, वाहन रखरखाव, यातायात नियम/संकेत/चिह्न, वाहन एवं पर्यावरणीय प्रदूषण जैसे-पेट्रोल एवं डीज़ल चालित वाहन, सीएनजी संचालित वाहन, ध्वनि प्रदूषण, अपराध/दण्ड एवं कार्यविधियां आदि से संबंधित प्रश्न।

2. **कौशल परीक्षण (न्यूनतम मानक-60 पॉइंट्स) :**

लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण हेतु बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन किया जाएगा तथा केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी, जिनके ड्राइविंग लाइसेंस प्रामाणिक पाए जाएंगे। अभ्यर्थी को कौशल परीक्षण के समय वैध ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति भी प्रस्तुत करनी होगी। जिन अभ्यर्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस जाली अथवा अप्रामाणिक पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**कौशल/ट्रेड परीक्षण 100 पॉइंट्स का होगा (न्यूनतम मानक-60 पॉइंट्स)।** कौशल परीक्षण केवल अभ्यर्थियों के कौशल के मूल्यांकन हेतु अर्हकारी (Qualifying) प्रकृति का होगा। तथापि, कौशल परीक्षण में किए गए मूल्यांकन के आधार पर अभ्यर्थी को 'अर्ह (Qualified)' अथवा 'अनर्ह (Not Qualified)' घोषित किया जाएगा। कौशल परीक्षण में अर्हता प्राप्त करने हेतु न्यूनतम मानक 60% होगा। जो अभ्यर्थी कौशल परीक्षण में न्यूनतम पॉइंट्स प्राप्त नहीं करेंगे, उन्हें भर्ती प्रक्रिया के आगामी चरणों में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः अभ्यर्थियों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे आगे की प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु नीचे दी गई सारणी में दर्शाए गए कुल पॉइंट्स (100) में से न्यूनतम अर्हकारी पॉइंट्स (60) प्राप्त करें। कौशल परीक्षण में निम्नलिखित पहलू सम्मिलित होंगे तथा बोर्ड द्वारा प्रत्येक परीक्षण हेतु नीचे दर्शानुसार पॉइंट्स में से पॉइंट्स प्रदान किए जाएंगे :-

| **क्र.सं** | **मूल्यांकन मापदंड** | **कुल पॉइंट्स (100)** |
|---|---|---|
| 1 | इंजन प्रारंभ करने से पूर्व की समस्त जाँच, वाहन के सेंसर एवं संकेतों का ज्ञान, रियर व्यू मिरर को सही स्थिति में करना तथा सीट बेल्ट आदि जैसे सुरक्षा उपायों की जानकारी। | 10 |
| 2 | गियर बदलते हुए वाहन को बिना लहराए हुए चलना, टॉप गियर में गति, विभिन्न यातायात परिस्थितियों में टॉप गियर से निचले गियर में लाना। | 10 |
| 3 | वाहन का चढाई एवं ढलान पर संचालन, तीव्र ढलान पर रुकना और फिर से इस प्रकार आगे बढ़ाना कि वाहन पीछे न जाए। | 10 |
| 4 | ओवरटेक करने, पास देने, लेन परिवर्तन, लेन में वाहन चलाने की तकनीक तथा अन्य सावधानियाँ। | 10 |
| 5 | हस्त संकेत तथा विद्युत संकेतों का प्रयोग, आपातकालीन रूप से रोकना, सावधानियाँ एवं सुरक्षा उपाय। | 10 |
| 6 | वाहन को पीछे करना, दाईं एवं बाईं ओर गैरेज में लगाना और अलग-अलग तरह की रुकावटों के बीच से वाहन को बाहर निकालना, वाहन को बाईं एवं दाईं ओर मोडना, रोकना आदि। | 10 |
| 7 | सडक पर चलने वाले अन्य लोगों, विशेष रूप से एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं, पैदल यात्रियों, अन्य मोटर वाहनों के चालकों तथा साइकिल चालकों की सुरक्षा एवं सुविधा के प्रति शिष्टाचार एवं संवेदनशीलता प्रदर्शित करना। | 10 |
| 8 | अनिवार्य चेतावनी और सूचनात्मक सडक चिह्नों के बारे में जानकारी। | 10 |
| 9 | संकट या दुर्घटना की स्थिति में चालक के कर्तव्यों के बारे में जानकारी। | 10 |
| 10 | वाहन/मोटर मैकेनिज्म के रखरखाव का ज्ञान (अभ्यर्थी वाहन में आने वाली छोटी-मोटी खराबी को ठीक करने में सक्षम होना चाहिए, जिसमें टायर बदलना/टायर का प्रेशर चेक करना, बैटरी के पानी का स्तर, प्रयोग किए जाने वाले तेल की मात्रा और ग्रेड, कूलेंट, बेल्ट/होस पाइप का तनाव आदि सम्मिलित हैं)। | 10 |

**चिकित्सीय मानक:**

- अभ्यर्थी पूर्णतः स्वस्थ हो तथा किसी भी प्रकार के रोग/दोष/विकृति से मुक्त होना चाहिए।
- बेहतर नेत्र की दृष्टि बिना चश्मे के 6/6 होनी चाहिए। अभ्यर्थी रतौंधी (Colour Blindness) से मुक्त होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की छूट अनुमन्य/स्वीकार्य नहीं है।
- चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सकीय जाँच सरकारी चिकित्सालय के सिविल सर्जन/प्राधिकृत चिकित्सीय प्रैक्टिशनर द्वारा की जाएगी।

* **अंतिम चयन केवल लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा, जो कौशल परीक्षण में अर्हता प्राप्त करने तथा शासकीय चिकित्सालय के सिविल सर्जन/प्राधिकृत चिकित्सीय प्रैक्टिशनर द्वारा सत्यापित/प्रमाणित चिकित्सीय मानकों की पूर्ति के अधीन होगा।**